सिप्ला ने 25 करोड़ रुपए का केयरिंग फॉर लाइफ समर्पित फंड लांच किया

कोविड-19 प्रबंधन संबंधी प्रयासों में स्थानीय प्रशासन का सहयोग कर रही

भास्कर संवाददाता | पीथमपुर

सिप्ला लिमिटेड इंदौर और धार में सरकार के कोविड-19 प्रबंधन संबंधी प्रयासों को आगे बढ़ाने में स्थानीय प्रशासन के साथ काम कर रही है। कंपनी ने इंदौर और धार में इस महामारी के संक्रमण से निपटने के लिए हाल ही में 25 करोड़ रुपए का केयरिंग फॉर लाइफ कोविड-19 समर्पित फंड लांच किया। यह प्रयास मुख्य रूप से कर्मचारियों, वेंडर्स, ठेका कर्मियों, फ्रंटलाइन एडमिनिस्ट्रेशन, स्वास्थ्य रक्षा कर्मियों और बुनियादी जरूरतों तक कम पहुंच रखने वाले जरूरतमंद समुदायों की सुरक्षा और सेहत पर आधारित हैं।

सिप्ला इंदौर ने सोशल डिस्टेंसिंग और संक्रमण नियंत्रण के लिए सरकार द्वारा निर्धारित नियमों को लागू करने के लिए विशेष कोविड-19 कार्यबल का गठन किया है। स्टाफ मेंबर्स कंपनी के आवास में रह रहे हैं और अपने परिवारों से दूर हैं, ताकि संक्रमण के जोखिम को दूर किया जा सके। परिसर में आने वाले हरेक व्यक्ति की रोज स्क्रीनिंग हो रही है व किसी भी तरह के लक्षण दिखने पर उसे घर भेजा जा रहा है। साथ ही सेल्फ क्वारेंटाइन होने का आग्रह किया जा रहा है। कर्मचारियों की व्यक्तिगत सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सैनिटाइजर्स, मास्क, ग्लव्ज व सुरक्षा चश्मे दिए जा रहे हैं। गर्भवती महिलाओं, क्रेच सुविधा लेने वाली माताओं और संदिग्ध कर्मचारियों को घर से काम करने की सलाह दी गई है। यात्रा के दौरान भी कर्मचारी के बीच एक अनिवार्य 1.5 मीटर की दूरी का पालन किया जा रहा है। टीम की बैठकें फिलहाल बंद हैं व वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कराई जा रही है। कंपनी ने कान्ट्रैक्चुअल वर्कफोर्स के लिए एक विशेष कोविड-19 मेडिकल इंश्योरेंस पॉलिसी की सुविधा भी शुरू की है। इसमें व्यक्तिगत रूप से 25 हजार रुपए की कवरेज राशि के साथ इसमें स्वयं व परिवार के सदस्य पति-पत्नी और दो बच्चे शामिल हैं। जरूरी दवाएं प्राप्त करने में रोगियों की मदद के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन भी लांच की है। प्रशासन, पुलिस और स्वास्थ्य सेवाओं में लगे लोगों के लिए धार में कलेक्टर कार्यालय को पांच इन्फ्रारेड थर्मामीटर, पुलिस को पांच हजार मास्क के अतिरिक्त जिला प्रशासन को 250 पीपीई किट और 250 एन-95 मास्क भेंट किए गए हैं। लोगों को भोजन के पैकेट, सैनिटाइजर्स, मास्क और दस्ताने जैसी जरूरी चीजें दी जा रही हैं। 5 हजार 550 पैकेट भोजन वितरित किया जा चुका है और यह काम अब भी जारी है।

सिप्ला कंपनी प्रबंधन द्वारा कर्मियों को सामग्री भेंट की जा रही है।